जेएसपीएल फाउण्डेशन ने जिला जेल को दिया कंप्यूटर व फोटोकापी मशीन

रायगढ़। सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जेलों का भी आधुनिकीकरण निरंतर जारी है। जिला जेल को इस दिशा में मदद करने के लिए जेएसपीएल फाउंडेशन ने कंप्यूटर सेट और



आधुनिकी प्रिंटर कम फोटोकॉपी मशीन उपलब्ध कराई है। कंपनी के अफसरों ने बुधवार को ये उपकरण जेल अधीक्षक के सुपुर्द किए। कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के क्रम में कंप्यूटर सेट एवं प्रिंटर–स्कैनर कम फोटोकॉपी मशीन बुधवार को जेल अधीक्षक एसपी कुर्रे को जेएसपीएल के उपाध्यक्ष संजीव चौहान ने सौंपी। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा पूर्व में भी जेल में जरूरी सुविधाओं के विस्तार के लिए कई काम कराए गए हैं। आधुनिकीकरण के दौर में कंप्यूटर सेट दैनिक कामकाज का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी कंपनी निरंतर अपना सहयोग जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही जेल परिसर में उद्यानों के सौंदर्यीकरण का काम भी जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा कराया जाएगा। जेल अधीक्षक एसपी कुर्रे ने इस पहल के लिए जेएसपीएल फाउंडेशन का आभार जताते हुए जेल में बंदियों के सामाजिक उत्थान से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा उद्यान के सौंदर्यीकरण का काम पूरा होने पर परिसर की सुंदरता और भी बढ़ जाएगी और सभी को स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। इस दौरान सीएसआर विभाग के शिशिर तरफदार एवं जितेन्द्र घई उपस्थित रहे।